# Decision Making

निर्देश(प्रश्न 1 से 3)
एक अनुसंधान संस्थान को अन्य दायित्व के अलावा अपने सूचना स्रोत को डिजिटल रूप प्रदान करने हेतु एक सहायक लाइब्रेरियन को भर्ती करना है। प्रार्थी को निम्न अर्हताओं को पूरा करना है-

(i) उसकी आयु 1.11.2016 को 25 वर्ष से कम और 40 वर्ष अधिक न हो।
(ii) 65% कुल अंको के साथ लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान में स्नातक की उपाधि हो।
(iii) विश्वविद्यालय लाइब्रेरी में न्यूनतम 4 वर्ष का प्रशिक्षुता अनुभव हो।
तथापि, यदि प्रत्याशी उपर्युक्त अर्हताएँ पूरी करता है, सिवाय-
A (ii) उपर्युक्त में लेकिन यदि उसके पास UGC NET प्रमाणन है, उसके मामले को संस्थान के निदेशक को भेजा जाएगा।

(1). आपको सभी मामले 1.11.2016 को दिए गए हैं-
उषा ने मदुराई विश्वविद्यालय से डॉक्टर की उपाधि तथा स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उषा ने स्नातक में कुल 62% अंक प्राप्त किए हैं। उषा ने सन् 2000 में UGC NET योग्यता प्राप्त की, जब वह 23 वर्ष की थी। उषा को वि॰ वि॰ लाइब्रेरी में 6 वर्ष का प्रशिक्षुता का अनुभव है। उनके मामले में क्या निर्णय लिया जाना है?

⇒ प्रत्याशी को संस्थान के निदेशक को भेजा जाना है।
(i) ✓
(ii) ✗ offer ✓
(iii) ✓

(2). आपको सभी मामले 1.11.2016 को दिए गए हैं-
विद्या ने पंजाब विश्वविद्यालय से लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है, जहाँ वह 2 वर्ष से प्रशिक्षु रही है। उसने 2016 में 23 वर्ष की आयु में UGC NET योग्यता प्राप्त की और स्नातक परीक्षा में 72% अंक प्राप्त किये। उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना है-

⇒ प्रत्याशी का चयन नहीं किया जाना है।

(3). आपको सभी मामले 1.11.2016 को दिए गए हैं-

मेघा ने 69% अंकों के साथ लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वह राँची विश्वविद्यालय में प्रशिक्षु के रूप में काम कर रही है। उसने हाल में अपना जन्मदिन मनाया है। उनके मामले में क्या निर्णय लिया जाना है—

⇒ निर्णय लेने के लिए दिया गया डाटा अपर्याप्त है।

निर्देश (प्रश्न संख्या 4–6)

100 m दौड़ में Olympic प्रतियोगी बनने के लिए एथलीटों के चयन के लिए नि०लि० शर्तें हैं—

(i) वह एक देश का नागरिक होना चाहिए।

(ii) उसे उस समय सीमा को तोड़ना होगा, जो Int. Olympic समिति द्वारा निर्धारित की गयी है या उसे 100m के लिए राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया होना चाहिए।

(iii) उसे 1 अक्टूबर, 2016 को 16 साल से कम का नहीं होना चाहिए।

एक आवेदक के मामले में जिन्होंने अन्य सभी मानदण्डों को पूरा किया है सिवाय—

(i) ऊपर के और उसने अपनी राष्ट्रीयता बदल ली है, उसके मामले को राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के पास भेजा जाना है।

(4). उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

दीपिका भारत की नागरिक है और वह 10 अक्टूबर, 1997 को पैदा हुई थी। उसने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया है और अन्त. ओलम्पिक समिति द्वारा आयोजित दौड़ में अर्हता प्राप्त की है।

(i) ✓
(ii) ✓
(iii) ✓

⇒ उम्मीदवार का चयन किया जाना चाहिए।

(5). उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?

एडवर्ड आयरलैंड का नागरिक है, लेकिन वह आयरलैण्ड से स्थानान्तरित हो गया है और अब इंग्लैण्ड का प्रतिनिधित्व करना चाहता है। उसने अन्त. ओलम्पिक समिति द्वारा आयोजित दौड़ में अर्हता प्राप्त की। वह 12 सितम्बर 1995 को पैदा हुआ था।

(i) ✗ offer ✓
(ii) ✓
(iii) ✓

⇒ उम्मीदवार के मामले को राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के पास भेजा जाना है।

(6). उनके मामले में क्या निर्णय लेना है?
दीपक सिंह भारत का नागरिक है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया है और अन्त० ओलम्पिक समिति द्वारा आयोजित दौड़ में अर्हता प्राप्त की है।

⇒ डेटा अपर्याप्त

(i) ✓
(ii) ✓
(iii) —

निर्देश (प्रश्न 7 से 9)
XYZ कॉलेज में आगामी वर्ष के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए चयन प्रक्रिया के नि० लि० मानदण्ड हैं। उम्मीदवार को—

(A) 12वीं कक्षा पास करनी चाहिए, जिसमें विज्ञान प्रमुख विषय हो।
(B) 1 अगस्त 2016 को 18 वर्ष से कम उम्र का नहीं होना चाहिए।
(C) एक बार का डिपाजिट 10,000 रु और वार्षिक फीस 48,000 रु जमा करने में सक्षम होना चाहिए।
(D) 10वीं की परीक्षा में कम से कम 70% अंक और 12वीं परीक्षा में कम से कम 60% अंक अर्जित करना चाहिए। अगर उम्मीदवार ऊपर दिए गए मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय—
उपरोक्त (C) के परंतु वार्षिक शुल्क और एक बार का डिपाजिट 8000 रु जमा करने में सक्षम है, तो उसका मामला प्रबंध निदेशक के पास भेजा जाना चाहिए।

(7). उसके मामले में क्या निर्णय लिया जाना चाहिए।
7 जुलाई, 2016 को गणेश 20 वर्ष का है। उसने विज्ञान को प्रमुख विषय के रूप में रख कर 10 में 87% और 12वीं में 65% अंक प्राप्त किये। वह शुल्क संरचना के अनुसार शुल्क का भुगतान करने में सक्षम है।

(i) ✓
(ii) ✓
(iii) ✓
(iv) ✓

⇒ उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।